105 प्रतिभाओं का सम्मान, निरंतर प्रयास और सही दिशा को सफलता की कुंजी बताया

गंगाशहर नागरिक परिषद्, कोलकाता का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित


कामयाब कलम रिपोर्टर।



बीकानेर। गंगाशहर नागरिक परिषद्, कोलकाता की ओर से के.एम. ऑडिटोरियम में प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं खेल क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली 105 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। समारोह में करियर गाइड श्रीमती नीता नाहटा ने कहा कि शैक्षणिक उपाधि या प्रतिशत अंकों से अधिक महत्वपूर्ण ज्ञान है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, इसके लिए निरंतर प्रयास और सही दिशा में मेहनत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपनी प्राकृतिक योग्यता का आकलन कर उसी के अनुरूप करियर का चुनाव करना चाहिए। भारत में करियर के 5000 से अधिक क्षेत्र उपलब्ध हैं, इसलिए प्रतिस्पर्धा के बजाय सामूहिक सहयोग की भावना से आगे बढ़ना चाहिए। परिषद् के अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा ने कहा कि सफलता के लिए अवसर से अधिक महत्वपूर्ण उसका समुचित उपयोग करना है। असफलता की परिस्थितियों में निराश होने के बजाय उससे सीख लेकर पुनः प्रयास करने वाला व्यक्ति ही अंततः सफलता प्राप्त करता है। आयोजन के स्वागताध्यक्ष कन्हैयालाल बोथरा ने गंगाशहर के विकास में चोपड़ा परिवार के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने चिकित्सा, शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में परिवार की भूमिका का उल्लेख करते हुए समाजभूषण स्व. छोगमल चोपड़ा की स्मृति में दिए जा रहे मेधावी पुरस्कार को प्रतिभाओं के लिए प्रेरणादायी बताया। स्व. छोगमल चोपड़ा के पड़पौत्र सुशील कुमार चोपड़ा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यह पुरस्कार विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। परिषद् की गंगाशहर समिति के चेयरमैन जतनलाल दूगड़ ने बताया कि सम्मानित 105 प्रतिभाओं में सेकेंडरी, सीनियर सेकेंडरी के विद्यार्थियों के साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट, डॉक्टर सहित विभिन्न प्रोफेशनल क्षेत्र के प्रतिभावान व्यक्ति शामिल रहे। बच्छराज रांका ने खेल एवं स्पोर्ट्स क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रतिभाओं के सम्मान की जानकारी दी। परिषद् के महेन्द्र चोपड़ा ने बताया कि कक्षा 12 में गंगाशहर क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली श्री जैन पब्लिक स्कूल की महक भंसाली को प्रथम, सेठ रावतमल बोथरा स्कूल की ज्योति कुमावत को द्वितीय तथा ही. सौ. रामपुरिया विद्या निकेतन की अन्तिमा तंवर को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। विजेताओं को स्मृति चिन्ह के साथ क्रमशः 11,000, 7,100 और 5,100 रुपये के चेक दिए गए। कक्षा 10 में श्री जैन पब्लिक स्कूल के मुदित बोथरा प्रथम, अर्हम् इंग्लिश एकेडमी की नुपुर नाहर द्वितीय तथा ही. सौ. रामपुरिया विद्या निकेतन के अक्षत शर्मा तृतीय रहे। इन्हें क्रमशः 7,100, 5,100 और 3,100 रुपये की पुरस्कार राशि एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। सुरेन्द्र भूरा ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से कम से कम 10-15 मिनट योग एवं ध्यान करने तथा अपनी रुचि के अनुरूप विषयों का अध्ययन करने की सलाह दी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। पं. पुखराज शर्मा के निर्देशन में विरासत संवर्द्धन संस्थान की संगीत कक्षा के प्रशिक्षुओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। परिषद् के मंत्री मनीष सेठिया ने आभार व्यक्त करते हुए गंगाशहर में सेवा, विकास एवं कल्याण कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम का संचालन भैरूदान सेठिया ने किया। समारोह के अंत में परिषद् की गंगाशहर इकाई के स्तम्भ एवं कर्मठ कार्यकर्ता सम्पतलाल दूगड़ के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन की व्यवस्थाओं में बच्छराज रांका, महेन्द्र चोपड़ा, मगनमल छाजेड़, नृसिंह भट्टड़, पानमल मारू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर मेघराज बोथरा, सूरजाराम राजपुरोहित, कल्याण मल चोपड़ा, टोडरमल चोपड़ा, मांगीलाल चोपड़ा, सुनील सुराना सहित गणमान्यजन एवं विद्यार्थियों के परिजन उपस्थित रहे।

कलक्टर ने किया स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं का जायजा

कामयाब कलम रिपोर्टर।



बीकानेर। जिला निर्वाचन अधिकारी निशान्त जैन ने नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के संदर्भ में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्थापित होने वाले स्ट्रांग रूम, मतदान दलों की रवानगी की वापसी तथा मतगणना के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं की तैयारियों की प्रारंभिक समीक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने शुक्रवार को सभी संबंधित अधिकारी के साथ कॉलेज परिसर का अवलोकन किया और कहा कि नगरीय निकाय आम चुनाव के संबंध में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में होने वाली समस्त व्यवस्थाओं को सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ समय रहते पूर्ण कर लें। प्रत्येक कार्य की समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। श्री जैन ने बताया कि मतदान से पूर्व मतदान दलों की रवानगी तथा वापसी पॉलिटेक्निक कॉलेज से होगी। वहीं मतगणना भी यहीं की जाएगी। इसके मद्देनजर सभी संबंधित प्रकोष्ठों द्वारा समस्त व्यवस्थाएं समय रहते कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि मतदान दलों रवानगी के दौरान टेंट, बैठक, पार्किंग, माइक सहित समस्त व्यवस्थाओं के बारे में जाना।मतदान के पश्चात ईएवीएम को सुरक्षित रखने के लिए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को कार्यों की प्रगति से नियमित अवगत करवाने के लिए निर्देशित भी किया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय के विभिन्न कक्षों, हॉल और मैदान का अवलोकन किया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी उम्मेद सिंह रतनू, बीडीए सचिव हेमेन्द्र नागर सहित पीडब्ल्यूडी और अन्य विभागों के अधिकारी साथ रहे।

जवानों के नाम रक्षा सूत्र भेजेगी बालिकाएं

कामयाब कलम रिपोर्टर।

बाप (सुरेश कुमार खत्री)। सीमाजन कल्याण समिति हर वर्ष की भांति 28 अगस्त को रक्षाबंधन के पर्व को भारत पाक पश्चिम सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ मनाएगी। सीमाजन कल्याण समिति जिला अध्यक्ष अखेराज खत्री ने बताया कि जिले को आवंटित सभी 17 बीओपी पर सीमाजन कल्याण समिति के कार्यकर्ता पहुंचेंगे तथा वहां तैनात जवानों की कलाई पर बहिनों द्वारा भेजी राखी बांधकर उनके दीर्घायु, स्वास्थ्य रहने की कामना करेंगे। सीमा के प्रथम गावो में भी स्नेह मिलन रक्षाबंधन उत्सव मनाएंगे।

नोखा तहसील माहेश्वरी सभा की मीटिंग में सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों पर मंथन

कामयाब कलम रिपोर्टर।



नोखा। नोखा तहसील माहेश्वरी सभा की महत्वपूर्ण बैठक तहसील अध्यक्ष आनन्द कुमार मल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में तहसील सभा के आगामी कार्यक्रमों, सामाजिक गतिविधियों एवं सेवा प्रकल्पों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। समाजहित में विभिन्न रचनात्मक एवं सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। तहसील अध्यक्ष आनन्द कुमार मल ने बताया कि तहसील माहेश्वरी सभा द्वारा अपने कार्यकाल के दूसरे प्रकल्प के रूप में जीवदया एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम आगामी रविवार को ग्राम कुंकुण्या बेरासर स्थित कामधेनु गोशाला एवं करणी गंगा गोसेवा समिति, बेरासर में आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान गोसेवा के साथ-साथ वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा व सामाजिक योजनाओ को विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज की ओर से समय-समय पर सेवा, जीवदया, पर्यावरण संरक्षण एवं जनहित से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया तथा समाजबंधुओं से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। बैठक में तहसील सभा के आईपीपी संरक्षक अशोक लाहौटी, संरक्षक हरिप्रकाश चाण्डक, तहसील उपाध्यक्ष बाबूलाल मालाणी, संयुक्त मंत्री बजरंग मल, प्रचार मंत्री अंकित तोषनीवाल एवं संगठन मंत्री राजेश मालपानी सहित अन्य पदाधिकारी एवं समाजबंधु उपस्थित रहे। सभी उपस्थित सदस्यों ने आगामी जीवदया एवं वृक्षारोपण प्रकल्प को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाया।

म्यूल अकाउंट से साइबर ठगी का शातिर हत्थे चढ़ा

कामयाब कलम रिपोर्टर।



बीकानेर। एसपी मृदुल कच्छावा के निर्देश पर साइबर अपराधियों पर नकेल कसते हुए साइबर पुलिस थाना बीकानेर ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने आम लोगों से धोखाधड़ी पूर्वक बैंक खाते प्राप्त कर साइबर ठगी की राशि का लेनदेन करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी ने अब तक के रिकॉर्ड के अनुसार लगभग 30 लाख रुपये की साइबर ठगी की राशि विभिन्न बैंक खातों में प्राप्त की है। आरोपी के बैंक खाते व उसके द्वारा प्रयोग किये गये बैंक खातों पर विभिन्न राज्यों से साइबर ठगी की 17 एनसीआरपी शिकायतें दर्ज हैं। गिरफ्त में आए आरोपी राजेश प्रजापत पुत्र स्व. अजय कुमार निवासी गली नंबर 02 रामपुरा बस्ती ने पूछताछ में बताया कि उसने साइबर ठगी गिरोह के साथ मिलकर देश के आमजन के साथ ठगी की राशि को अपने बैंक खातों में प्राप्त की। आरोपी स्वयं के बैंक खाते साइबर ठगी की राशि के लेनदेन के कारण फ्रीज होने पर आरोपी ने आम लोगों के बैंक खाते धोखाधड़ी पूर्वक प्राप्त कर उक्त बैंक खातों में साइबर ठगी की राशि का लेनदेन किया। साइबर ठगी गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर अलग-अलग राज्यों व जिलों में बैठे लोगों से साइबर फ्रॉड कर राशि को अपने बैंक खाते व धोखाधड़ी पूर्वक आम लोगों से प्राप्त किये गये बैंक खातों में प्राप्त किया। आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एक संगठित साइबर ठगी गिरोह संचालित कर रहा था। आरोपी राजेश प्रजापत के स्वयं के बैंक खाते साइबर ठगी की राशि के लेनदेन के कारण फ्रीज होने पर आरोपी ने आम लोगों के बैंक खाते धोखाधड़ी पूर्वक प्राप्त कर उक्त बैंक खातों में साइबर ठगी की राशि का लेनदेन किया। आरोपी बैंक खाते खुद इस्तेमाल करने के साथ-साथ देश-विदेश में बैठे अन्य बड़े साइबर अपराधियों को भारी कमीशन पर उपलब्ध कराते थे। इन बैंक खातों पर देश भर के विभिन्न राज्यों से 17 साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज होना पाई गई हैं। अब तक की जांच में सामने आया है कि उक्त खाते में लगभग 30 लाख रुपये साइबर ठगी का लेनदेन हुआ है।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.09.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बीकानेर, आदर्श कॉलोनी, 0117680700025782, 5952, 5962, 5995, 6662, 6664, 6665, 6666, 6669, 6673, 6687, 6691, 6692, 6700, 6705, 6711, 6712, 6715, 0117680730049488, 2552, 7060, 7146, 2051, 2053, 2054, 2055, 2058, 2061, 2062, 2063, 2088, 2098, 2103, 2109, 2111, 2112, 2116, 2119, 2120, 2121, 2123, 2124, 2126, 2131, 2132, 2133, 2135, 2138, 2140, 2165, 2167, 2187, 2191, 2193, नोखा, 0135170700016535, 6635, 6640, 6642, 6665, 6678, 6685, 6691, 6706, 6726, 6730, 6743, 7491, 7495, 7496, 7529, 7533, 7537, 7554, 7566, 7569, 7577, 0135170730042707, 2737, 2776, 6343, 6344, 6346, 6356, 6368, 6373, 6379, 6380, 6386, 6391, 6407, 6410, 6411, 6412, 6419, 6421, 6422, 6426, 6427, 6428, 6429, 6430, 6431, 6435, 6437, 6441, 6443, 6444, 6450, 6457, 6464, 6481, 6482, 6484, 6490, 6498, 6503, पंच शती सर्कल, 0115300700030386, 0805, 1223, 1261, 1306, 2273, 2275, 2284, 2300, 2305, 2306, 2315, 2317, 2324, 2328, 2338, 2339, 2358, 2360, 2361, 2362, 2363, 2364, 2378, 2382, 2384, 0115300730088055, 8832, 8245, 8262, 8265, 8270, 8273, 8274, 8275, 8276, 8282, 8283, 8284, 8285, 8286, 8289, 8301, 8304, 8314, 8319, 8322, 8324, 8325, 8328, 8329, 8331, 8336, 8339, 8341, 8353, 8357, 8358, 8364, 8366, 8369, 8378, 8380, 8382, 8384, 8388, 8393, 8395, 8396, 8403, 8409, 8410, 8419, 8422, 8424, 8426, 8455, 8464, 8467, 8470, 8500, 8507, 8518, 8519, 8520, 8524, 8533, 8537, 8538, 8540, 8541, श्री डुंगरगढ, 0135300700015588, 5596, 5600, 5620, 5643, 6390, 6395, 6398, 6403, 6405, 6411, 6420, 6422, 6443, 6444, 6446, 6447, 6448, 6455, 6457, 6462, 6463, 6466, 6599, 0135300730043250, 3433, 3455, 3471, 3486, 3492, 6591, 6594, 6597, 6621, 6623, 6625, 6626, 6627, 6642, 6643, 6646, 6650, 6652, 6654, 6666, 6667, 6668, 6671, 6674, 6675, 6678, 6680, 6682, 6687, 6696, 6707, 6709, 6711, 6715, 6721, 6725, गंगानगर, रायसिंह नगर, 0135100700040094, 0123, 1105, 1121, 1123, 1131, 1135, 1180, 0135100730049411, 9459, 9499, 9504, 9685, 9687, 5057, 5065, 5080, 5086, 5088, 5097, 5148, 5157, 5158, 5160, 5172, 5185, 5189, 5194, 5205, 5206, 5208, 5210, 5212, 5226, 5235, 5260, 5261, 5269, 5293, 5300, रविन्द्र पथ, 0117420700039490, 9549, 9581, 9592, 0577, 0581, 0598, 0608, 0616, 0618, 0621, 0630, 0632, 0636, 0639, 0643, 0656, 0117420730048714, 8788, 8823, 5605, 5612, 5619, 5621, 5637, 5638, 5647, 5659, 5678, 5681, 5685, 5689, 5693, 5695, 5711, 5712, 5740, 5744, 5760, 5763, 5766, 5771, 5788, 5792, 5795, 5796, 5815, 5837, 5840, 5852, 5859, 5860, 5876, 5899, 5900, 5907, 5914, 0313, सुखाड़िया सर्कल, 0117490700023053, 3699, 3721, 3729, 3732, 0117490730027614, 7816, 7817, 1413, 1415, 1421, 1427, 1434, 1435, 1436, 1442, 1443, 1465, 1472, 1473, 1474, 1476, 1479, 1482, 1485, 1501, 1502, 1507, 0207, सूरतगढ राजस्थान, 0135560700027755, 8045, 8470, 8489, 8535, 8551, 8556, 8576, 8582, 8614, 8615, 8625, 0174, 0179, 0182, 0187, 0200, 0229, 0230, 0239, 0245, 0249, 0266, 0278, 0283, 0286, 0315, 0324, 0328, 0346, 0348, 0703, 0135560730061357, 1635, 3227, 3305, 3370, 3404, 3437, 3466, 3490, 3514, 3531, 3541, 3551, 3560, 3616, 3629, 3643, 3659, 1608, 1610, 1639, 1650, 1665, 1671, 1677, 1678, 1681, 1682, 1686, 1694, 1695, 1697, 1699, 1702, 1704, 1705, 1706, 1709, 1714, 1716, 1718, 1720, 1721, 1722, 1723, 1730, 1734, 1738, 1749, 1750, 1770, 1772, 1773, 1790, 1795, 1797, 1798, 1809, 1810, 1817, 1818, 1819, 1820, 1821, 1827, 1831, 1833, 1834, 1838, 1839, 1846, 1851, 1858, 1863, 1872, 1876, 1880, 1884, 1889, 1891, 1913, 1916, 1918, 1923, 1928, 1929, 1930, 1938, 1940, 1945, 1949,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

नाम परिवर्तन

मे जितेन्द्र कुमार भैया पुत्र श्री ज्ञानचंद जाति माहेश्वरी आयु 42 वर्ष निवासी महाजनो का बास, नोख तहसील बाप, जिला फलोदी (राज) शपथपूर्वक बयान करता हूँ की मेरा सही एवं वास्तविक नाम जितेन्द्र कुमार भैया है। जो मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, पहचान पत्र इत्यादि सभी दस्तावेजों में दर्ज है। मेरी पुत्री Akanksha Bhaiya के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम जितेन्द्र भैया दर्ज हो गया है।जितेन्द्र कुमार भैया व जितेन्द्र भैया दोनों नाम मेरे स्वयं के ही है तथा मेरे को इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। उक्त दोनों नामों का मैं एक ही व्यक्ति हूँ। अगर इस बाबत भविष्य में किसी प्रकार का कोई उतर व एतराज हुआ तो उसकी समस्त जिम्मेवारी मेरी स्वयं की होगी।

नाम परिवर्तन

मे मनीषा पत्नी श्री जितेन्द्र कुमार भैया जाति माहेश्वरी आयु 42 वर्ष निवासी महाजनों का बास नोख तहसील बाप, जिला फलोदी (राज) शपथपूर्वक बयान करती हूँ की मेरा सही एवं वास्तविक नाम मनीषा है, जो मेरे अधार कार्ड, पेन कार्ड, पहचान पत्र इत्यादि सभी दस्तावेजों में दर्ज है। मेरी पुत्री Akanksha Bhaiya के विद्यालय रेकर्ड में माता का नाम मनीषा भैया दर्ज हो गया है। मनीषा व मनीषा भैया दोनों नाम मेरे स्वयं के ही है तथा मे इन दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूं। उक्त दोनों नामों की मैं एक ही महिला हूँ। अगर इस बाबत भविष्य में किसी प्रकार का कोई उतर व एतराज हुआ तो उसकी समस्त जिम्मेवारी मेरी स्वयं की होंगी।

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, बीकानेर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन
मु.नं. 219/2026/1969 दिनांक- 12/8/26
नोटिस सर्व साधारण को सूचनार्थ
समस्त संबंधित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि **श्यामसुन्दर खटोड पुत्र श्री मालचंद्र मांजिसा मंदिर के पास चौपड़ा बाडी बीकानेर** ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अंतर्गत **श्री श्याम एज्यूकेशन केरियर डवलमेंट एण्ड चेरिटेबल ट्रस्ट बीकानेर** के संबंध में जांच किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है। अतएव अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तिओं के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो, प्रस्तुत करे। और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा। आज दिनांक 11.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14.10.2026 निश्चित है।
सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग बीकानेर
तहसीलदार (राजस्व) बीकानेर

आग सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री रमेश कुमार परिहार पुत्र श्री शंकर लाल परिहार जाति परिहार उम्र 70 वर्ष निवासी राजकीय बालिका विद्यालय के सामने, सोनगिरी कुआ, बीकानेर (राज.) के है। जो कि मेरे मुवक्किल की तीन पुत्र विपिन परिहार, नरेन्द्र परिहार, विकास परिहार हैं वर्तमान में मेरे मुवक्किल अपने पुत्र विपिन परिहार के साथ निवास करते है और मेरे मुवक्किल का द्वितीय पुत्र नरेन्द्र परिहार अपनी पत्नी व परिवार सहित पिछले काफी समय से मेरे मुवक्किल से अलग निवास करता है। मेरे मुवक्किल का तृतीय पुत्र विकास कुमार परिहार व उसकी पत्नी रेणुका भाटी मेरे मुवक्किल के कहने सुनने में नही है, आये दिन मेरे मुवक्किल से लडाई झगडा कर शारीरिक व मानसिक वरूरता कारित करते है। इसलिए मेरे मुवक्किल अपने पुत्र विकास कुमार परिहार एवं पुत्रवधु रेणुका भाटी को अपनी समस्त चल, अचल सम्पति एवं घर परिवार से बेदखल करते है तथा आज के बाद मेरे मुवक्किल का विकास कुमार परिहार व पुत्रवधु रेणुका भाटी से कोई लेना देना नही है। आज के बाद मेरे मुवक्किल विकास कुमार परिहार व पुत्रवधु रेणुका भाटी से कोई संव्यवहार करता है या विकास कुमार परिहार व पुत्रवधु रेणुका भाटी के कृत्य या संव्यवहार से किसी को क्षति कारित होती है तो उसकी समस्त जिम्मेवारी विकास कुमार परिहार व रेणुका भाटी की होगी, मेरे मुवक्किल की कोई जिम्मेदारी नही होगी।
भवदीय गणेश टॉक एडवोकेट

अब फोनपे ऐप से भरवा सकेगें पानी के बिल

कामयाब कलम रिपोर्टर।

बीकानेर। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर वृत्त बीकानेर द्वारा शहर के समस्त जल उपभोक्ताओं के लिए पानी के बिल का ऑनलाइन भुगतान करने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इसके तहत उपभोक्ता अब फोनपे ऐप के माध्यम से घर बैठे किसी भी समय अपने पानी के बिल की बकाया राशि का ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे। अधीक्षण अभियंता जे.के. चारण ने बताया कि जानकारी के अभाव में अनेक उपभोक्ता इस सुविधा का पर्याप्त लाभ नहीं ले पा रहे हैं और उन्हें अभी भी जलदाय विभाग के कार्यालय अथवा ई-मित्र केंद्र पर जाकर बिल की राशि जमा करवानी पड़ती है। विभाग ने सभी जल उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे डिजिटल सुविधा का अधिकाधिक उपयोग करें। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि प्रत्येक जल उपभोक्ता का पानी का बिल सामान्यतः द्विमासिक जारी किया जाता है। कई बार किसी कारणवश उपभोक्ता को बिल समय पर प्राप्त नहीं हो पाता अथवा बिल की भौतिक प्रति नहीं मिलती। ऐसी स्थिति में भी संबंधित उपभोक्ता के खाते में दर्ज बकाया राशि ऑनलाइन उपलब्ध रहती है। उपभोक्ता अपनी उपभोक्ता आईडी के माध्यम से फोनपे पर बकाया राशि देख सकता है तथा निर्धारित राशि का ऑनलाइन भुगतान कर सकता है। इस सुविधा से उपभोक्ताओं को विभागीय कार्यालय अथवा ई-मित्र केंद्र पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे समय, श्रम एवं अनावश्यक आवागमन से बचाव होगा। साथ ही डिजिटल भुगतान को बढ़ावा मिलने से जल शुल्क संग्रहण व्यवस्था भी अधिक सुगम, पारदर्शी एवं प्रभावी बनेगी। अधीक्षण अभियंता जे. के. चारण ने बीकानेर शहर के समस्त जल उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस डिजिटल सुविधा का अधिकाधिक उपयोग करें तथा अपने जल बिल का भुगतान निर्धारित समय पर ऑनलाइन करें। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य जल उपभोक्ताओं को सरल, सुगम, पारदर्शी एवं नागरिक-केंद्रित सेवाएं उपलब्ध करवाना है और ऑनलाइन भुगतान की सुविधा इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

नोटिस वास्ते जाहिर करने की वजह
(Civil Procedure Code Appendix "H" Form No.4)
अदालत पारिवारिक न्यायालय सं.1 मुकाम बीकानेर (राज.)
जितेन्ह गहलोत बनाम सपना
मुकदमा नं.274/25
बनाम
नाम सपना पत्नी जितेन्द्र गहलोत पुत्र स्वा मोतीलाल सोलेकी जाति सोलंकी साकिन सौलंकियों का तहसील मोहल्ला श्रीरामसर बीकानेर
क्योंकि प्रार्थी धाय 13 (1) HM Aut **ने इस अदालत में पेश की है कि स्वीकार फरमन जावे।**
लिहाजा आपको इतला वी जाती है कि तारीख यार 17/09/26 माह सन् 20 बरोज 10.00 Am बजे दिन के अदालत सजा में असालतन या वकालतन हाजिर होकर दरख्वास्त जाहिर करो वर्ना दरख्वास्त मजकुरा एक तरफा सुनी व फैसला की जायेगी।
मेरे दस्तखत व मोहर के आज दिनांक को जारी किया गया।
12/08/26 माह सन
न्यायालय की मोहर
न्यायालय की आज्ञा से
वरिष्ठ मुन्सरिम पारिवारिक न्यायालय सं.1 बीकानेर (राज.)

निदेशक कार्य
(राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविधालय, बीकानेर)
क्रमांक न.नि-कार्य. (भू.अ.) / 2026-27/350 दिनाक:19/8/2026
E-Mail:- directorworks.co@gmail.com Office Phone No. 0151-2220132
संशोधित निविदा सूचना सं. 01 वर्ष 2026-27
इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा सूचना सं. 01 वर्ष 2026-27 क्रमांक 262-270 दिनांक 11.08.2026 में उक्त निविदा जमा करवाने दिनांक 23.09.2026 प्रातः 11.00 बजे तक, निविदा खोलने की दिनांक 23.09.2026 को दोपहर 3.00 बजे संशोधित की जाती है। निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेगी।
निदेशक कार्य राजुवास, बीकानेर

DIRECTOR WORKS (EO)
Rajasthan University Of Veterinary & Animal Science, Bikaner (Raj.)
क्रमांक: F( )/DW(EO)/RAJUVAS / 2026-27/ 337-347 दिनांक: 19/8/2026
BN:- VAU2627WSOB00078
निविदा सूचना सख्यां 03 वर्ष 2026-2027
राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविधालय, बीकानेर की ओर से विश्वविधालय में विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में, इस विश्वविधालय में एवं अन्य विश्वविधालयों में, राज्य सरकार एवं राज्य सरकार के अधिकृत सगठनों तथा केन्द्र सरकार व केन्द्र सरकार के अधिकृत सगठनों, जो कि राज्य सरकार के उपयुक्त श्रेणी के समकक्ष हो, पंजीकृत संवेदको से खुली निविदा के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में निविदा प्राप्त की जावेगी । निविदा से सम्बधित विवरण वेब साईट www.rajuvas.org, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
निदेशक कार्य राजुवास, बीकानेर